हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 26 नवंबर 2025

04 जिला चिकित्सालय की नर्सिंग स्टाफ की ...



07 पिंजरों में कैद तोतों का किया रेस्क्यू





**खबर संक्षेप में**



## पंचमुखी हनुमान मंदिर पर चढ़ाई नवीन ध्वजा

**नलखेड़ा।** मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघचालक मोहन भागवत द्वारा अयोध्या में प्रभु श्रीराम के भव्य व दिव्य मंदिर पर ध्वजारोहण किया गया। ठीक उसी समय स्थानीय श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर नवीन ध्वजा चढ़ाई गई। मंगलवार दोपहर 11.58 बजे जब अयोध्या में प्रभु श्रीराम के मंदिर पर ध्वजारोहण हो रहा था ठीक उसी समय नगर के मध्य चौक बाजार में स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर भक्तों द्वारा ढोल ढमाकों व आतिशबाजी के साथ नवीन ध्वजा चढ़ाई गई। उपस्थित भक्तों द्वारा नवीन ध्वजा की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई व मंत्रोच्चार के साथ शिखर पर चढ़ाई गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित थे।

## समाधान योजना : बकाया विद्युल बिल जमा करने जिले में लगेंगे महाकैंप

**नलखेड़ा।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं को बकाया बिलों में राहत प्रदान करने सामाधान योजना संचालित है। योजना के 3 माह से अधिक बकाया बिजली बिल का भुगतान करने पर सरचार्ज में राहत प्रदान की जा रही है। योजना को अधिक प्रभावी बनाने तथा अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को लाभ दिलाने के लिए विद्युत विभाग द्वारा जिले में महा कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। अधीक्षक यंत्री, म.प्र.प.क्षे.वि.वि कंपनी रत्नेश अयाची ने बताया कि समाधान योजना के तहत आगर संभाग अंतर्गत आगर शहर, आगर ग्रामीण, बड़ौद, कानड़, जयसिंहपुरा एवं तनोडिया के वितरण केंद्रों पर 28 नवंबर को महाकैंप लगाया जाएगा। सुसनेर संभाग अंतर्गत सुसनेर, मोड़ी, नलखेड़ा शहर, नलखेड़ा ग्रामीण एवं सोयत वितरण केंद्र पर 29 नवंबर को महा कैंप आयोजित होगा। जहां वितरण केन्द्र के अधिकारी एवं स्टॉफ उपस्थित रहेगा। अधीक्षण यंत्री ने विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में महा कैंपों में पहुंचकर समाधान योजना का लाभ लें और अपने बकाया बिलों का निराकरण करवाएं।

## उमराह से कुशल पूर्वक लौटने पर स्वागत

**सीहोर।** शहर के मंडी स्थित कृषि उपज मंडी में तुलावट संघ के सदस्य पवित्र उमराह के लिए रवाना के लिए गए थे। करीब तीन सप्ताह से अधिक दिनों की यात्रा से लौटने के पश्चात साथ सफीक खां का मंडी में जोरदार स्वागत किया।

### धमाके की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी

# खड़े ट्रक से टकराई पिकअप, दो युवकों की घटनास्थल पर ही मौत

अंधेरा और तेज रफ्तार के चलते पिकअप चालक ट्रक को समय पर नहीं देख पाया और वाहन सीधे उसमें जा भिड़ा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा



सीहोर—भैरूंदा मुख्य मार्ग एक बार फिर खून से लाल हो गया। रविवार देर रात सिंहपुर गांव के पास हाईवे पर बिना किसी चेतावनी संकेत के खड़े ट्रक में पीछे से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो पिकअप जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि पिकअप का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया और उसमें सवार दो युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया और सड़क सुरक्षा व्यवस्था की गंभीर पोल खोल दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार रात लगभग 11 बजे बोलेरो पिकअप सीहोर से भैरूंदा की ओर जा रही थी। सिंहपुर गांव के समीप सड़क किनारे एक भारी ट्रक बिना इंडिकेटर, रिफ्लेक्टर या वार्निंग साइन के खड़ा किया गया था। अंधेरा और तेज रफ्तार के चलते पिकअप चालक ट्रक को समय पर नहीं देख पाया और वाहन सीधे उसमें जा भिड़ा। टक्कर इतनी खतरनाक थी कि पिकअप का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक व उसका साथी वाहन में ही फंस गए।

तेज धमाके की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तुरंत पुलिस को सूचना दी। भैरूंदा थाना पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घंटों की मशक्कत के बाद दोनों को वाहन से बाहर निकाला गया। लेकिन तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भैरूंदा अस्पताल भेजा गया, जहां सोमवार सुबह प्रक्रिया पूरी होने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया।



मृतकों की पहचान अजय बारेला (22) पिता ज्ञान सिंह बारेला, निवासी सिराली, थाना गोपालपुर एवं सीताराम बारेला पिता स्वर्गीय कैलाश बारेला, निवासी ग्राम कुरी, जामुन ग्वाड़ी के रूप में हुई है। खबर मिलते ही परिजन और ग्रामीण बड़ी संख्या में थाने और अस्पताल पहुंच गए। पूरे क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। प्राथमिक जांच में हादसे का कारण तेज रफ्तार, लापरवाही और हाईवे पर खड़े ट्रक को माना जा रहा है। ट्रक चालक घटना के बाद से फरार बताया जा रहा है, जिसकी तलाश जारी है।

### सवालों के घेरे में सड़क सुरक्षा

यह हादसा कोई पहली घटना नहीं है। हाईवे पर बिना संकेत के खड़े भारी वाहनों की लापरवाही लगातार लोगों की जान ले रही है। बावजूद इसके न तो परिवहन विभाग और न ही प्रशासन सख्त कदम उठाता नजर आ रहा है। यह दर्दनाक दुर्घटना अब सिस्टम के लिए चेतावनी बन चुकी है - यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो ऐसे हादसे थमने वाले नहीं हैं।

## 'हिट एंड रन' मामले में दो युवकों को कुचलने वाले भोपाल सिंह पर एफआईआर

**सीहोर।** शहर से निकले पुराने इंदौर-भोपाल हाईवे पर दो दिन पहले हुए दिल दहला देने वाले सडक़ हादसे के मामले में आखिरकार मंडी थाने में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। इस मामले में हरिभूमि की खबर पर मुहर लग गई है, जिसने दुर्घटना के बाद मौके पर गिरी नंबर प्लेट के आधार पर कार मालिक की पहचान पहले ही बता दी थी।

हरिभूमि ने अपनी पहली ही खबर में ग्रामीणों के हवाले से बताया था कि हादसे के बाद सडक़ पर कार की नंबर प्लेट गिर गई थी। नंबर प्लेट की ऑनलाइन जानकारी के अनुसार यह कार भोपाल सिंह वर्मा निवासी चितावलिया लाखा के नाम दर्ज थी। अब प्रत्यक्षदर्शी की शिकायत पर पुलिस ने इसी कार चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

### भयावह था हादसा

दर्ज एफआईआर के अनुसार 21 नवंबर की रात करीब 9.45 बजे मुगीसपुर जोड़ शरीफ के पास तेज रफ्तार हुंडई कार एमपी 37 ईडी 0363 ने मोटरसाइकिल सवार दो युवकों को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी थी।

इस भीषण दुर्घटना में गुडभेला निवासी कृष्णा वर्मा की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे का सबसे भयावह पहलू यह रहा कि टक्कर मारने के बाद कार चालक ने रुकने के बजाय दूसरे युवक शुभम वर्मा को लगभग आधा से एक किलोमीटर तक सडक़ पर घसीटा। शुभम वर्मा की हालत अत्यंत नाजुक है और वह भोपाल के अस्पताल में जिंदगी और मौत की जंग लड़ रहा है।

शिकायतकर्ता प्रेम सिंह वर्मा निवासी नापलाखेड़ी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी कार चालक भोपाल सिंह वर्मा के खिलाफ लापरवाही से मौत (आईपीएस धारा 304 ए), खतरनाक ड्राइविंग (आईपीएस धारा 279 और 337) और मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 184 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## निजी फीजियोथेरेपी केंद्रों का पंजीयन अनिवार्य

**सीहोर।** निजी फीजियोथेरेपी केन्द्रो को अपना पंजीयन कराना अनिवार्य हो गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने गत दिवस बताया कि शासन निर्देशानुसार अब निजी नर्सिंग होम एवं क्लिनिकल स्टेब्लिशमेंट का विनिमय म.प्र. उपचार्यगृह तथा रजोपचार्य संबंधी स्थापनाये (रजिस्ट्रीकरण तथा अनुज्ञापन) अधिनियम 1973 तथा नियम 1997 (यथा संशोधित) 2021 के स्थापित प्रावधान अनुसार समस्त फीजियोथेरेपिस्ट को अधिनियम की धारा 2 में क्लिनिकल स्टेब्लिशमेंट को परिभाषित किया गया हैं। अधिनियम की धारा 3 के अनुक्रम में कोई भी व्यक्ति द्वारा क्लिनिकल स्टेबलिसमेंट का संचालन (निजी फीजियोथेरेपी केन्द्र) बिना विनियामक अधिनियम के अन्तगर्त पंजीयन के बिना नहीं किया जा सकता। जिले के समस्त निजी फीजियोथेरेपी केन्द्रों को निर्देशित किया गया है कि फीजियोथेरेपी केन्द्रों का पंजीयन अनिवार्य रूप से कराएं।

## नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष ने सांसद व जिलाध्यक्ष से भेंट की




हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

भाजपा के नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष रोहित सकलेचा ने मंगलवार को क्षेत्रीय सांसद रोडमल नागर के निवास पचोर पहुंचकर उनसे भेंट की। इस दौरान उनके साथ जिला मंत्री पवन वेदिया नप अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी पार्षद गोवर्धन वेदिया व पत्रकार पप्पू मकवाना भी थे। वहीं सोमवार रात्रि को सकलेचा ने जिलाध्यक्ष ओम मालवीय से उनके निवास आगर पहुंचकर भेंट की। जिलाध्यक्ष मालवीय ने सकलेचा का स्वागत कर मुंह मीठा कर बधाई दी।

**मंडल अध्यक्ष नियुक्त होते ही पार्टी कार्य में जुटे सकलेचा:** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष रोहित सकलेचा नियुक्ति के दूसरे दिन ही पार्टी के कार्य में जुट गए हैं। लगभग एक वर्ष के लंबे इंतजार के बाद सत्ताधारी दल का मंडल अध्यक्ष बनने के बाद कुछ दिन केवल स्वागत सत्कार में ही निकल जाते हैं लेकिन सोमवार को मंडल अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद मंगलवार से ही रोहित सकलेचा ने अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन प्रारंभ कर दिया है। कार्यकर्ताओं द्वारा किए जा रहे स्वागत के बीच सकलेचा ने विभिन्न मतदान केंद्रों पर पहुंचकर चल रहे एसआईआर कार्य में लगे पार्टी कार्यकर्ताओं से चर्चा की एवं स्वयं ने भी बीएलओ व पार्टी के बीएलए के साथ मिलकर मतदाताओं के गणना पत्र भरे व गणना पत्रों को जमा करवाया गया।



## नाग दिवाली पर अन्नकूट का आयोजन, छप्पन भोग लगाया







हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

नगर के कचनारिया मार्ग स्थित श्रीमंत अलीजा राजबहादुर खांडेराव देवस्थान पर प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी नाग दिवाली पर पांच दिवसीय कार्यक्रम हुआ। अंतिम दिन मंगलवार को देवस्थान पर अन्नकूट छप्पन भोग व महाआरती का आयोजन हुआ। नगर के प्राचीन देव स्थान श्रीमंत अलीजा राज बहादुर खांडेराव महाराज के कचनारिया-बल्ड़ावदा मार्ग स्थित देवस्थान पर नाग पंचमी के अवसर पर पांच दिवसीय महोत्सव मनाया गया। महोत्सव के अंतिम दिन मंगलवार को नाग दिवाली पर प्रतिमाओं का आकर्षक श्रृंगार किया गया था। प्रातः 10 बजे छप्पन भोग लगाया गया एवं महाआरती का आयोजन हुआ। महाआरती में बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित थे। महाआरती के बाद अन्नकूट प्रारंभ हुआ जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसादी ग्रहण की।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम


**रायपुर संस्करण -** 75. तारकेश्वर प्रजापति पिता\पति सुकलाल प्रजापति पता- राम विहार आरंग, 76. विजय साहू पिता\पति अश्वनी साहू पता - कबीर नगर एकता चौक रायपुर, 77. ओम प्रकाश साहू पिता\पति घासी राम साहू पता- धनेली रावाभाठा धरसीवा रायपुर, 78. चंचल ध्रुव पिता\पति किशोर ध्रुव पता- सुदामा नगर रायपुर, 79. अर्जुन तांडी पिता\पति त्रिनाथ तांडी पता- BSUP कॉलोनी ब्लॉक न. C रायपुर, 80. सुनीता जायसवाल पिता\पति छोटेलाल जायसवाल पता- बढाई पारा रायपुर, 81. जानवी गोयल पिता\पति कमल किशोर पता- डूमर तालाब रायपुर, 82. राकेश पंचवारे पिता\पति हनेश पंचवारे पता- भनपुरी बिरगांव रायपुर, 83. ट्विंकल धनकर पिता\पति तरुण धनकर पता - रामेश्वर मंदिर न्यूज़ शांति नगर, 84. वीणा साहू पिता\पति संतोष साहू पता- दुर्गा नगर बिरगांव, 85. तुषार साहू पिता\पति रामनाथ साहू पता- बकली, 86. लिना देशमुख पिता\पति केशव देशमुख पता- पीपरछेड़ी धमतरी, 87. ममता कुम्भकार पिता\पति चंदूलाल कुम्भकार पता- ब्राम्हण पारा वार्ड कुम्हार पारा धमतरी, 88. ईश्वरलाल साहू पिता\पति गुलाबराम साहू पता- पुलिस लाइन रुद्री धमतरी, 89. हिमांशु साहू पिता\पति भूषण लाल साहू पता- राजनांदगांव, 90. मूलचंद साहू पिता\पति भुनेश्वर साहू पता-कोटराभांठा, 91. निरंजन साहू पिता\पति भिखारी राम साहू पता- राजनांदगांव म. न. 8 18 एकड़ पुलिस लाइन, 92. उमा केशरवानी पिता\पति सूरज केशरवानी पता- बाज़ारपारा बेमेतरा वार्ड न.18, 93. रूपराम बनपेला पिता\पति स्व. महेत्तर राम बनपेला पता- म.न. 215 अन्नापूर्णा पारा पुराना आरामिल के पास कांकेर, 94. टोडरमल साहू पिता\पति मिलन राम साहू पता- पेवरो गुरुर, 95. ललित सोनी पिता\पति स्व. रामलाल सोनी पता- जगदलपुर, 96. धनंजय देवांगन पिता\पति बृजराम देवांगन पता- बागबहरा वार्ड न.13, 97. नरेश कुमार केशरवनी पिता\पति स्व. फागुराम केशरवानी पता- नगर पंचायत पांडातराई, 98. डिकेश्वर वर्मा पिता\पति तिरिशराम वर्मा पता - सिविल लाइन बलौदाबाजार, 99. पी. गंगा रेड्डी पिता\पति मनिंदर पाल आनंद पता - डी. एन. के. कोंडागांव, 100. लोकेश कुमार देशमुख पिता\पति में कुमार देशमुख पता - तिरंगा वार्ड- 7 दुर्ग, 101. ओमप्रकाश देशमुख पिता\पति डोमन लाल देशमुख पता- अंजोर भिलाई, 102. यशवंत यादव पिता\पति अरुण यादव पता- बघेरा वार्ड न. 56 दुर्ग, 103. रेशनी साहू पिता\पति हिरमन लाल साहू पता- पोलसाय पारा दुर्ग, 104. विजय कुमार रामटेके पिता\पति स्व. डेहराराम रामटेके पता- शिवनगर बाँधा तालाब दुर्ग, 105. हेमा चंद्राकर पिता\पति पुराणिक चंद्राकर पता - दीपक नगर दुर्ग, 106. मंजीत कौर भाटिया पिता\पति स्व. इवेल सिंह भाटिया पता- संतरा बाड़ी दुर्ग, 107. दुलसिया बाई पिता\पति स्व. बिसहुवा साहू पता- पदुम नगर चरोदा भिलाई-3, 108. अंशिका गुप्ता पिता\पति श्याम जी गुप्ता पता- कैंप -1 भिलाई, 109. स्वाति साहू पिता\पति पूरण चंद साहू पता-भिलाई, **बिलासपुर संस्करण-** 110. प्रवीण यादव पिता/पति- धनेश यादव, पता शांति नगर हाफा रोड सकरी, बिलासपुर 111. मुस्कान यादव, पिता/पति- कृष्ण कुमार यादव, पता - उसलापुर साईं आनंदम के पास, बिलासपुर 112. रश्मि सेन पिता/पति- स्व. कमल सेन, बिलासपुर पता - होटल अजित के सामने तेली पारा, बिलासपुर 113. आर्यांश जायसवाल, पिता/पति- शैलेन्द्र जायसवाल, पता- नंदू गैरेज के पीछे तेलीपारा बिलासपुर, 114. शैलेंद्र कुमार सोनवानी, पिता/पति- सरजू प्रसाद सोनवानी, पता - छोटी कोनी बिलासपुर, 115. चुम्मन चंद्राकर पिता/पति- गिरधर चंद्राकर, पता - विकाश नगर शांति नगर, बिलासपुर 116. चितगोविंद प्रसाद कौशिक, पिता/पति- स्व. अजीतराम कौशिक, पता- यातायात नगर परसदा, जिला बिलासपुर, 117. मनीष पटेल पिता - रामप्रसाद पटेल, पिता/पति- वार्ड न. 43 पटेल मोहल्ला, बिलासपुर 118. दिलप्रीत सिंह छाबड़ा पिता/पति- जी.एस. छाबड़ा, पता - मित्र बिहार लिंक रोड बिलासपुर, 119. प्रतिमा कश्यप, पिता- रामकिशुन कश्यप, पिता/पति- कुदुदण्ड मिलन चौक बिलासपुर, 120. हरप्रीत सिंह खनुजा, पिता/पति- थान सिंह खनूजा, पता- दयालबंद टिकरापारा बिलासपुर, 121. श्यामसुंदर कुशवाहा पिता/पति- स्व. चंद्रशेखर प्रसाद, पता- मंगला बिलासपुर, 122. सुचिता सिंह पिता/पति- एम.एल. ऊके, पता- भारतीय नगर बिलासपुर, 123. नुमान बाघड़े, पिता/पति- नितिन बाघड़े पता - जरहाभाठा बिलासपुर, 124. राधा सिंह ठाकुर बाघड़े पिता/पति- अजय सिंह ठाकुर पता- सिटी कोतवाली बिलासपुर, 125. श्रेया विश्वकर्मा पिता/पति- बी.पी. विश्वकर्मा पता- तेलीपारा बिलासपुर, 126 मौजी निर्मलकर पिता/पति- सुखदेव निर्मलकर, पता- जुना बिलासपुर, 127. सुन्दर लाल मार्को पिता/पति- स्व. होरीलाल मार्को, पिता/पति- बिनौरी काठाकोनी, जिला बिलासपुर 128. अल्का साहू पिता/पति- राजेन्द्र कुमार साहू, पता- मंगला बिलासपुर, 129. वैभव यादव पिता/पति- विरेन्द्र कुमार यादव, पता नया तालाब के पास सड़क के पास मोपका, जिला बिलासपुर 130. आर्यन गुप्ता पिता/पति- विष्णुकांत गुप्ता पता- कपिल नगर सरकंडा, बिलासपुर 131. पवन विश्वकर्मा पिता/पति- बी.पी. विश्वकर्मा, पता तेलीपारा बिलासपुर, 132. राम किशोर ठाकुर पिता/पति- स्व. तुलसीराम ठाकुर पता - सरकंडा बिलासपुर, **भोपाल संस्करण-** 133. नित्या बलदार पिता\पति -विमल बलदार पता- 727 बागसेवनिया, 134. फातिमा पिता\पति मो. शाहिद पता- 87 नारियल खेड़ा भोपाल, 135. आलिया पिता\पति इमरान 26 पता- जनता नगर करोद, 136. अर्पिता यादव पिता\पति श्रीकांत यादव पता- फ्लैट 8 ड्रीमलैंड अपार्टमेंट ईदगाह हिल्स भोपाल, 137. मयंक उपाध्याय पिता\पति शिवप्रसाद उपाध्याय पता- जीरापुर, 138. लक्ष्मी शर्मा पिता\पति सतीश शर्मा (मावावाला) पता -आवास कॉलोनी जीरापुर, 139. प्रीति राठौर पिता\पति राजेश राठौर पता- आवास कॉलोनी जीरापुर, 140. सुरेन्द्र सिंह पिता\पति जीरापुर, **जबलपुर संस्करण-** 141. अदिति मेहरा पिता\पति कृष्ण कुमार मेहरा पता- कांटी धमनी पाटन, 142. अर्पिता श्रीवास्तव पिता\पति ए.के श्रीवास्तव पता- कांचघर, 143. शशांक सिंह पिता\पति अमर सिंह पता- रिछाई जबलपुर, 144. सुभद्रा पिता\पति अजय पता- जबलपुर आधारताल, 145. शिवा निषाद पिता\पति राम खिलावन निषाद पता- गांधीगंज कटनी, 146. नारायण प्रसाद अग्रहरी पिता\पति द्वारका प्रसाद अग्रहरी पता- राजीव गांधी वार्ड वार्ड नंबर 13 रबर फैक्ट्री साइन मंदिर के पास कटनी मुड़वारा, 147. शशि कोस्टा पिता\पति- स्व. कंदीलाल कोस्टा पता-जगमोहन दास वार्ड नई बस्ती कटनी, 148. मानसी पिता\पति- विजय बाबा नारायण शाह पता- गुरुद्वारा के पास मुरवारा कटनी

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### कन्नौजे ने की शोकसंवेदना व्यक्त



**चापडा।** पूर्व बागली विधायक पहाड़ सिंह कन्नौजे सोमवार को चापड़ा क्षेत्र में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने ग्राम मोखाप्पील्या, भमोरी ,बामनखेड़ी सहित अन्य गांवों में शोकाकुल परिवारो के यहां पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्ति कर परिजनों से मुलाकात की। कन्नौजे के साथ क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। इस दौरान सुनील पुरोहित, राजेश दुग्गड ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### फिल्मी कलाकार के घर पर हुई साहित्यिक चर्चा

**देवास।** दूरदर्शन एवं फिल्मी जगत में देवास का नाम रोशन करने वाले कुशल अभिनय के धनी पं.चेतन पंडित के निवास पर साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विषयों पर देवास के प्रबुद्ध एवं साहित्यकारों की चर्चा आयोजित हुई। पारिवारिक माहौल में हुई सामान्य चर्चा में देवास के रंग मंच प्रेमीयो एवं अलग अलग कला के श्रेत्र में जुड़े लोग शामिल हुए।चर्चा में चेतन पंडित ने थियेटर फ़िल्मों एवं दूरदर्शन की बारीकियों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नगर के प्रबुद्ध बुद्धिजीवी एवं साहित्यकारों को लगातार बैठक करते रहना चाहिए ताकि कला एवं साहित्य के क्षेत्र में ओर मजबूती बनी रहे।

### कचरा जलाने पर निगम ने की चालानी कार्रवाई

**देवास।** नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार के निर्देश पर निगम स्वास्थ्य विभाग अमले के द्वारा शहर मे सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाने पर चालानी कार्यवाही प्रस्तावित की जा रही है। निगम के अमले द्वारा शहर के माउंट पब्लिक स्कुल आवास नगर के द्वारा स्कुल परिसर के बाहर कचरा जलाने एवं गंदगी फैलाने पर रूपये 5 हजार की चालानी कार्यवाही की गई।इसी प्रकार ग्रीन बेल्ट मे अपने प्रतिष्ठान का प्रचार प्रसार करने हेतु विज्ञापन बोर्ड लगाने पर रूपये 2 हजार की चालानी कार्यवाही कर अर्थदण्ड वसूला गया।

### नर्सिंग स्टाफ ने कलेक्टर जनसुनवाई में सिविल सर्जन की शिकायत की

# जिला चिकित्सालय की नर्सिंग स्टाफ की पढ़ाई में बाधा बन रहे सिविल सर्जन

### एडीएम की सख्ती के बाद सिविल सर्जन ने छात्राओं की जानकारी संचनालय भेजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिला चिकित्सालय में कार्यरत महिला नर्सिंग ऑफिसरों ने मंगलवार को जनसुनवाई में एडीएम को आवेदन दिया कि उन्होंने एमएससी नर्सिंग की परीक्षा दी थी जिसमें उत्तीर्ण होने पर महाविद्यालय में प्रवेश भी ले लिया है लेकिन सिविल सर्जन हमारी जानकारी लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा भोपाल नहीं भेज रहे हैं, जिससे हम आगे पढ़ाई करने के लिए महाविद्यालय नहीं जा पा रहे है। छात्राओं ने बताया कि सिविल सर्जन कह रहे हैं कि यहां पर स्टॉफ की कमी है आपको नहीं भेजा जा सकता। एडीएम ने सख्ती से सिविल सर्जन व सीएमएचओ को निर्देश देकर उनकी समस्या हल करने के लिए कहा। जिस पर सिविल सर्जन ने संचनालय में जानकारी ईमेल से भेजी, और छात्राओं को आगे पढ़ाई करने के लिए कहा। जिला चिकित्सालय में नर्सिंग ऑफिसर की पद पर कार्यरत महिला छात्राओं ने जुलाई में करीब 10 छात्राओं ने एमएससी नर्सिंग की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। जिसमें से कुछ छात्राएं आगे पढ़ाई करने के लिए वहां से चली गई। इसके बाद 7 छात्राएं जिसमें राजनंदिनी महावरीया, रंजीता कुमरे, पार्वती उइके, रीमा मोड़े, कामना जॉन, स्वाती ठाकरे सहित एक अन्य को आगे पढ़ाई के लिए रोक सिविल सर्जन ने लगा दी थी। जिस पर मंगलवार को सभी छात्राएं कलेक्टर कार्यालय आई। उन्होंने एडीएम संजय जैन को आवेदन दिया कि उन्हें यहां से महाविद्यालय जाने नहीं दिया जा रहा है। जिला चिकित्सालय की नर्सिंग ऑफिसर पार्वती उइके ने बताया कि एमएससी नर्सिंग की परीक्षा जुलाई माह में दी थी। परीक्षा को उत्तीर्ण करने के बाद हमें महाविद्यालय में पढने के लिए जाना है लेकिन सिविल सर्जन आरएस परमार हमें जिला चिकित्सालय से जाने नहीं दे रहे। उनका कहना है कि यहां पर स्टॉफ की कमी है आपको नहीं भेजा जा सकता है। उन्होंने बताया कि 27 नवंबर अंतिम तारिख है, अगर हम समय पर महाविद्यालय में प्रवेश नहीं ले पाए तो हमारी पढ़ाई का नुकसान होगा। स्वाती ठाकरे ने बताया कि हम कलेक्टर के पास आए थे, उनको हमने बताया की सिविल सर्जन ने हमारी आपत्ति ली थी, हमारे साथ और भी छात्राएं है उनमें से कुछ को पूर्व में परमिशन दे दी थी। हम 7 छात्रा है जिन्हें सिविल सर्जन ने अनुमति नहीं दी। एडीएम ने सिविल सर्जन से चर्चा की तो सिविल सर्जन ने कहा कि उन्होंने परमिशन का मेल कर दिया है।

#### एनओसी मिलने के बाद करेंगे रिलीव

राजनंदिनी महावरीया ने बताया कि आगे पढ़ाई के लिए वह इंदौर एमवाय महाविद्यालय में पढने जाएंगी। वहां पर पोस्टबेसिक नर्सिंग का दो वर्ष का कोर्स करने के बाद वापस जिला चिकित्सालय में ज्वाइन करेंगी। उन्होंने बताया कि इसके लिए 33 हजार रुपए महाविद्यालय में फीस जमा की है। इसके साथ ही वहां पर 2 लाख रुपए का बॉण्ड साइन करवाया था। हमें परमिशन नहीं मिलती तो पढ़ाई के साथ हमारा काफी नुकसान हो जाता। उन्होंने बताया कि संचनालय से एनओसी मिलने के बाद हमें यहां से रिलीव करेंगे। संभावना है कि 15-20 दिनों में एनओसी मिल जाएगी।

#### आदेश के बाद करेंगे रीलीव

छात्राओं को महाविद्यालय में पढने के लिए रोका नहीं था, उनकी जानकारी ईमेल कर दी है। वहां से अगले आदेश आने के बाद इन्हें रिलीव करेंगे।

**आरएस परमार,** सिविल सर्जन

# किसान की जमीन पर अवैध कब्जे की कोशिश

### कलेक्टर से सुरक्षा व कार्रवाई की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले के भौंरासा क्षेत्र में एक किसान की कृषि भूमि पर अवैध कब्जा करने की कोशिश एवं जान से मारने की धमकियों का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित किसान सतीश जोशी, निवासी जवाहर नगर देवास, ने वार्ड पार्षद रुपेश वर्मा के साथ कलेक्ट्रेट जनसुनवाई में पहुंचकर जिला कलेक्टर के नाम संबंधित अधिकारी को आवेदन देकर आरोपी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में सतीश जोशी ने बताया कि उनके स्वामित्व वाली लगभग 1.942 हैक्टेयर कृषि भूमि ग्राम भौंरासा, तहसील सोनकच्छ में स्थित है और सभी सर्वे नंबर राजस्व रिकार्ड में विधिवत उनके नाम दर्ज हैं। वे अपने खेत की नियमित देखभाल करते हैं तथा समय-समय पर मजदूर या सहयोगी भी कार्य हेतु नियुक्त करते हैं। जोशी के अनुसार भौंरासा निवासी कब्जाधारी एक कुख्यात तत्व है जो उनकी भूमि पर जबरन कब्जा करने की नीयत से बार-बार खेत पर आता है और उन्हें तथा उनके परिवार को गाली-गलौज, धमकी एवं जान से मारने की चेतावनी देता है। पीड़ित किसान ने स्पष्ट किया कि आरोपी से उनका कोई लेन-देन या विवाद नहीं है, फिर भी वह जमीन पर अपना आधिपत्य जमाने का प्रयास कर रहा है। जोशी के अनुसार, जब भी वे या उनका नियुक्त कार्यकर्ता खेत पर पहुंचते हैं, आरोपी उन्हें वहां से धमकाकर भगा देता है। उन्होंने अपने आवेदन में कहा है कि यदि उनके परिवार या खेत की देखरेख कर रहे किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की हानि होती है, तो इसका पूर्ण दायित्व कब्जाधारी का होगा। पीड़ित ने कलेक्टर से आग्रह किया है कि मामले में तत्काल पुलिस एवं प्रशासनिक कार्रवाई, सुरक्षा प्रदान करने और अवैध कब्जे की कोशिशों पर रोक लगाने के निर्देश जारी किए जाएं, ताकि वे अपनी पैतृक भूमि पर सुरक्षित रूप से खेती कर सकें।

# राम मंदिर के शिखर स्थापना पर सांसद कार्यालय में हुआ सुंदरकांड

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



अयोध्या में श्री राम मंदिर के शिखर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को बटन दबाकर ध्वजा फहराया।

सनातन समाज के इस स्वप्न की पूर्णता की पूर्व संध्या पर देवास में सोमवार शाम विशेष आयोजन किया गया। सिविल लाइन स्थित सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी के कार्यालय पर भव्य संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ, जिसमें नगर के सनातनी श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल हुए। सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी मंगलवार को अयोध्या के रामलला मंदिर की पूर्णता की घोषणा करेंगे। उन्होंने बटन के माध्यम से ध्वजा फहराने की जानकारी दी। उन्होंने इस क्षण को सनातन अनुयायियों के लिए अत्यंत खुशी का पल बताया। श्री राम मंदिर की पूर्णता को समर्पित यह आयोजन भक्तिमय संगीत, राम भक्ति और धार्मिक वातावरण से ओतप्रोत रहा।

उत्सव मनाने के लिए सोमवार शाम को सभी मित्र और लोग एकत्रित हुए थे, जहां सुंदरकांड का पाठ किया गया और श्री राम का कीर्तन कर खुशी मनाई गई। सांसद सोलंकी ने कहा कि देश में खुशी का माहौल है। उन्होंने कहा, ₹हम अपने जीवनकाल में राम मंदिर को पूर्ण होते हुए देख रहे हैं।

### मतदान केंद्र क्रमांक 140 पर 100 प्रतिशत एसआईआर कार्य पूर्ण

**देवास।** मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण में शहरी क्षेत्र 140 के बीएलओ द्वारा शत प्रतिशत कार्य किया गया । मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में शहरी क्षेत्र के मतदान क्रमांक से 140 के बूथ लेवल ऑफिसर के द्वारा गणना पत्र को एवं डिजिटलाइजेशन के साथ प्रतिशत कार्य पूर्ण किया गया। उक्त बीएलओ के उत्कृष्ट कार्य पर तहसीलदार सपना शर्मा, पूजा भाटी के द्वारा उनका सम्मान किया गया। इसके अलावा सारे क्षेत्र के मतदान केंद्र क्रमांक 140, 284, 145, 182, 55, 81, 57, 141, 138, 147, 143, 227, 146, 295, 269 के बीएलओ के द्वारा 70 प्रतिशत से ऊपर गणना पत्र एवं उनके डिजिटाइजेशन में उत्कृष्ट कार्य किया गया। आयुक्त दिलीप कुमार ने उक्त बीएलओ की प्रशंसा करते हुए कहा कि अन्य भी लोग भी इन बीएलओ की मेहनत एवं लगन से प्रेरित होकर अपना कार्य तेज गति से करें।

# जिला स्तरीय जैव विविधता क्विज का हुआ आयोजन, विजेता रही टीमों को कलेक्टर और डीएफओ ने किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



मध्यप्रदेश वन विभाग, राज्य जैव विविधता बोर्ड भोपाल एवं लोक शिक्षण संचालनालय के संयुक्त तत्वाधान में जिला स्तरीय जैव विविधता क्विज 2025 का आयोजन महारानी चिमनाबाई शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवास में किया गया।

प्रतियोगिता में जिले क़ी 74 स्कूलों क़ी टीमों ने भाग लिया। जिला स्तरीय जैव विविधता क्विज में प्रथम पुरस्कार सांदीपनि विद्यालय देवास, द्वितीय पुरस्कार उत्कृष्ट विद्यालय देवास व तृतीय पुरस्कार सांदीपनि विद्यालय खातेगांव क़ी टीम ने प्राप्त किया। जिले क़ी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय टीम को कलेक्टर ऋतुराज सिंह व डीएफओ अमित कुमार चौहान द्वारा स्वर्ण, रजत, कांस्य पदक व प्रशंसा पत्र से पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने स्कूल के छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वह कभी स्कूल मे टॉपर नहीं रहे, लेकिन निरंतर मेहनत से सफल रहे है। सिंह ने छात्र-छात्राओं को अच्छे अंक न आने पर भी निरंतर मेहनत कर लक्ष्य पाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान उन्होंने तीनों विजेता टीमों को 05 हजार रूपये प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा भी की।जिला स्तर पर चयनित प्रथम विजेता टीम 12 दिसंबर को आयोजित राज्य स्तरीय जैवविविधता क्विज 2025 में भाग लेगी। राज्य स्तरीय क्विज मे विजेता प्रथम टीम को स्वर्ण पदक, 30 हजार रूपय , द्वितीय टीम को रजत पदक, 24 हजार रूपये तृतीय टीम को 18 हजार रूपये की राशि से पुरस्कृत किया जाएगा।

# ग्राम धींगाखेडी में सतपाल महाराज के शिष्यों का सत्संग भजन कीर्तन का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



ग्राम ब्लॉक धींगरखेड़ा में सतपाल महाराज की शिष्या का सत्संग आयोजित हुआ। सत्संग में संत प्रभावती ने कहा कि व्यक्ति मन का गुलाम होने के कारण अनेको दुःखों को भोगता आया है। युवावस्था में ही किसी का शरीर रोगों का घर बन जाता है। कारण अपने मन के अनुसार अनियमित दिनचर्या अपनाना, अपने स्वाद के अनुसार जंक फूड का सेवन करना, आहार-बिहार व्यायाम व प्राणायाम को महत्व न देना है।

कुछ लोग मन पर नियंत्रण न होने के कारण आलस्य से इतना ग्रसित होते हैं कि किसी भी सांसारिक कार्य में सफल नहीं हो पाते हैं। उक्त सत्संग समाजसेवी भागीरथ,दीवान, छोटू,गणेश, सुरेश के स्व.पिता मोहन नायक भगत की स्मृति में आयोजित किया गया। सत्संग में क्षेत्र आसपास से बड़ी संख्या में उपस्थित भक्तों शामिल हुए। इस मौके पर उपस्थित संत प्रभावती ने भजन ... रे मन ये दो दिन का मेला रहेगा, कायम न जग का झमेला रहेगा...... की सुंदर मधुर प्रस्तुति दी। साध्वी शारदा देवी ने भजन... राम भजन कर प्राणी, काया तेरी हो गई पुरानी... के माध्यम से अपने सत्संग में आत्म कल्याणकारी विचार रखें। इस मौके पर अन्य भजन गायक कलाकारों ने देर रात तक ज्ञान- भक्ति,वैराग्य, गुरु महिमा से ओतप्रोत मधुर भजन प्रस्तुत किए।

### सोनकच्छ विधानसभा एसआईआर कार्य में 81.89 प्रतिशत के साथ सबसे आगे

# जिले में मतदाता गणना पत्रक कार्य 73.43 प्रतिशत पूर्ण





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य चल रहा है। एसआईआर के तहत बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना पत्रक का वितरण, फॉर्म का डिजिटलाइजेशन सहित अन्य कार्य कर रहे हैं। जिले में अबतक 73.43 प्रतिशत डिजिटलाइजेशन का कार्य हो गया है। जिले में सोनकच्छ विधानसभा एसआईआर कार्य में 81.89 प्रतिशत के सबसे आगे चल रही है।वही विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र देवास में 58.43 प्रतिशत, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र हाटपीपल्या में 79.49 प्रतिशत, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र खातेगांव में 75.83 प्रतिशत और विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र बागली में 75.19 प्रतिशत मतदाता गणना पत्रक डिजिटलाइजेशन कार्य पूर्ण हो गया है। एसआईआर कार्य के तहत जिले में मतदाताओं की सुविधा के लिए हेल्प डेस्क स्थापित किए गए है। जिले की पांचों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों से संबंधित जानकारी तथा कठानियों के त्वरित निराकरण के लिए डिस्ट्रीक कान्टेक्ट सेंटर(1950) में पाली अनुसार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर त्वरिक निराकरण किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि जिले में एसआईआर कार्य की संपूर्ण प्रक्रिया के पर्यवेक्षण के लिए जिला स्तर पर बीएलओ कार्य की मॉनिटरिंग के लिए बीएलओ सुपरवाइजर, जोनल अधिकारी नियुक्त किए गए है। साथ ही बीएलओ के सहयोग के लिए अतिरिक्त कर्मचारी लगाए गए है। विधानसभा क्षेत्रों के रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी भी निरंतर संपूर्ण कार्य की मॉनिटरिंग कर रहे है। जिला स्तर पर तथा सभी विधानसभा स्तर पर सहायता केंद्र एवं कंट्रोल रूम बनाए गए हैं। मतदाताओं को फार्म भरने में असुविधा ना हो इस के लिए बीएलओ एवं सहयोगी कर्मचारी विधानसभा स्तर पर सहायता हेतु उपलब्ध रहेंगे। राजनैतिक दल के प्रतिनिधि के रूप में सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल की ओर से बूथ लेवल एजेण्ट भी नियुक्त किए जाने की कार्यवाही राजनैतिक दलों की ओर से की जा रही है।

# बीआरसी कार्यालय का किया आकस्मिक निरीक्षण, दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

सोमवार सुबह जनपद शिक्षा केंद्र बागली का जिला परियोजना समन्वयक देवास अजय कुमार मिश्रा द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया तथा संक्षिप्त बैठक में कार्यों की समीक्षा कर अपूर्ण कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। डीपीसी ने कार्यालय में स्थापित दिव्यांग बच्चों के संसाधन कक्ष का अवलोकन कर व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त कर आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान बीआरसी कयूम खान बनारसी, पीएम पोषण प्रभारी सुभाष मालवीय, बीएसी बुरहानुद्दीन बोहरा, आशीष सिसोदिया, एम आर सी प्रफुल्ल कुमार द्विवेदी एवं कार्यालयीन स्टाफ उपस्थित रहा।

## खबर संक्षेप

### मेमू ट्रेन निरस्तीकरण रद्द, होंगी संचालित

**ललितपुर।** झांसी रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म तीन पर पुराने वॉशेवल एप्रन को तोड़कर नए एप्रन के निर्माण के चलते झांसी से ललितपुर और बीना के मध्य मेमू ट्रेनों का संचालन निरस्त कर दिया गया था, लेकिन अब यात्रियों की परेशानी को देखते हुए इन मेमू ट्रेनों का संचालन फिर से नियमित कर दिया गया है। 64616 झांसी-ललितपुर मेमू और ललितपुर से झांसी के मध्य चलने वाली 64615 मेमू अब 25 नवंबर से आठ जनवरी तक निरस्त नहीं रहेंगी बल्कि नियमित रूप से चलेंगी। इसी प्रकार ललितपुर से बीना के मध्य 64618 ललितपुर-बीना मेमू ट्रेन और 64617 बीना-ललितपुर मेमू ट्रेन भी पूर्व की तरह संचालित होगी। रेलवे झांसी के पीआरओ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि यात्रियों की परेशानी और लगातार ट्रेनों की मांग को देखते हुए रेलवे ने यह निर्णय लिया है।

### धोखे से दूसरे के खाते में पहुंची रकम हुई वापस

**ललितपुर।** अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, पुलिस महानिरीक्षक झांसी परिक्षेत्र के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में कोतवाली पुलिस ने आवेदक तालाबपुरा निवासी संतोष साहू पुत्र हरिशंकर साहू ने गलती से 50 हजार रुपये की धनराशि दूसरे व्यक्ति के खाते में भेज दिए थे, जिसके सम्बन्ध में एनसीआरपी पोर्टल के माध्यम से कोतवाली ललितपुर पर शिकायत प्राप्त हुई थी। कोतवाली की साइबर हेल्प डेस्क पुलिस टीम ने पीड़ित द्वारा उपलब्ध कराये गये बैंक स्टेटमेन्ट व अन्य प्रपत्रों के आधार पर त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुये सम्बंधित बैंक व खाता धारक से सम्पर्क कर पीड़ित के सम्पूर्ण धनराशि को नियमानुसार वापस कराया गया। पीड़ित का सम्पूर्ण धनराशि उसके खाते में वापस होने पर, पीड़ित द्वारा पुलिस अधीक्षक व कोतवाली पुलिस टीम का आभार जताया। रुपये बरामद करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी व आरक्षी लोकेन्द्र सिंह शामिल रहे।

### बाइक चालक ने सब्जी विक्रेता को मारी टक्कर

**ललितपुर।** जुगपुरा डाकघर के पास रहने वाली निशा राज पत्नी भूपेन्द्र अहिरवार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसका पति सब्जी का ठेला लगाकर परिवार का भरण-पोषण करता है। बीती 21 नवम्बर को वह रात करीब 8 बजे पति भूपेन्द्र अहिरवार के साथ सब्जी का ठेला लेकर वापस घर आ रही थी। तभी अचानक एक अपाचे मोटर साइकिल सं. यू.पी.94 ए.ई. 7181 के चलाक हरनाम सिंह ने तेजी व लापरवाही से बाइक चलाते हुये मोड पर जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसके पति का दाहिना पैर टूट गया। मौके पर मौजूद लोगों ने इस घटना को देखा और उसके पति को जिला अस्पताल ले गये, जहां पति का ऑपरेशन बताया। इस घटना के बाद से पति की स्थिति गंभीर बनी हुयी है। पुलिस ने महिला की तहरीर पर बाइक चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281 व 125 (बी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### पनारी में विश्व विरासत सप्ताह का हुआ समापन

**ललितपुर।** विश्व विरासीसत सप्ताह अंतिम दिन क्षेत्रीय पुरातत्व इकाई झांसी, इंटेक ललितपुर चैप्टर, बुन्देलखण्ड हेरिटेज सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय कॉलेज में राज्य मंत्री मनोहर लाल, पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण ने समापन किया। राज्यमंत्री ने कहा कि सारे विश्व में हमारे देश में सर्वाधिक धरोहर एवं पर्यटन स्थल मौजूद है। जिनके संरक्षण एवं विकसित किये जाने की नितांत आवश्यकता है, जिससे विदेशी पर्यटक अधिक से अधिक संख्या में हमारे देश आ सकें और देश का पर्यटन उद्योग और अधिक विकसित हो सकें। पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि हमारे जनपद में प्रदेश के सबसे अधिक धरोहर मौजूद है, जो सारे विश्व के सेलानियो को आकर्षित करने की क्षमता रखती है। अध्यक्षता करते हुए संयोजक संतोष कुमार शर्मा ने कहा कि हम विरासत सप्ताह में अपनी अमूल्य विरासत और पर्यटन को संजोने एवं विकसित करने का संकल्प लें।

---

### 12 नवंबर की घटना, तेरह दिन बाद दर्ज कराई जा रही रिपोर्ट

# अधिकारियों के लैपटॉप, टेबलेट और सरकारी फाइलें लेकर ड्राइवर फरार

## महरौनी, मड़ावरा, बिरधा बीडीओ का सामान व दस्तावेज गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

गिन्नौट बाग में बारह नवम्बर को आयोजित सामुहिक आदर्श विवाह समारोह में आधिकारिक रूप से शामिल होने के लिए आये खण्ड विकास अधिकारियों के कीमती सामान, लैपटॉप, टेबलेट



और कार्यालय की महत्वपूर्ण फाइलों को लेकर कार चालक फरार हो गया। अधिकारियों की संवेदनहीनता का जीवन्त उदाहरण यह भी देखा गया कि इतनी बड़ी घटना के बावजूद भी फरार हुये ड्राईवर के भाई के कहने पर अभी तक मामले को दबाए रखा गया। जब मामला खुला तो भाड़े पर लगी कार के पंजीकृत स्वामी से ड्राईवर पर एफआईआर दर्ज कराई है।

मिर्चवारा में रहने वाले रामकुमार पुत्र करन सिंह ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि वह बुलैरो गाड़ी संख्या यू.पी. 94 ए.टी. 3828 का पंजीकृत स्वामी है। यह गाड़ी उसने विकास खण्ड बिरधा कार्यालय में लगायी थी। बुलैरो को चलाने की जिम्मेवारी ग्राम जिजयावन राधेश्याम पुत्र स्व.फूलसिंह को सौंपी गयी थी। खण्ड विकास अधिकारी ने बताया कि वह बीती 12 नवम्बर 2025 को मुख्यालय स्थित गिन्नौट बाग में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में शामिल होने के लिए बुलैरो से, जिसे राधेश्याम चला रहा था के साथ गये हुये थे। यहां आरोप है कि अपराह्न करीब 2 बजे राधेश्याम वाहन में रखे हुये कीमती सामान व कार्यालय की महत्वपूर्ण पत्रावली का बैग लेकर फरार हो गया और फोन भी बंद कर लिया। काफी इंतजार करने के बाद विकास खण्ड बिरधा में तैनात कम्प्यूटर ऑपरेटर सुनील कुमार ने बताया कि राधेश्याम 1.30 बजे से 2 बजे के बीच अचानक सामूहिक विवाह स्थल गिन्नौट से ही गाड़ी की चाबी पकड़ाकर यह कहते हुये चला गया कि अभी वापस आ जाऊंगा।

### इन अधिकारियों का यह सामान गया चोरी

बीडीओ बिरधा द्वारा बताया गया कि उनका एप्पल कम्पनी का लैपटॉप कीमत 35 हजार रुपये, ऑफिस के सरकारी दस्तावेज ले गया। बीडीओ मड़ावरा के एच.पी. का लैपटॉप, साथ में ऑफिस के कुछ फाइलें सभी गायब हैं। बीडीओ महरौनी का टेबलेट 40 हजार रुपये का लेकर फरार है। खण्ड विकास अधिकारी ने बताया कि सामूहिक विवाह स्थल पर भीड़-भाड़ के कारण अन्य अधिकारी जिसमें खण्ड विकास अधिकारी मड़ावरा, खण्ड विकास अधिकारी महरौनी के भी कीमती सामान लेकर फरार हैं।

### पुलिस को सूचना देने के बजाय परिजनों, रिश्तेदारों को खोजा

उनके द्वारा सूचना मिलते ही ड्राईवर राधेश्याम की खोजबीन किया गया, उसके घर वालों व रिश्तेदारों और सगे भाई राजा भैया से भी कहा। लेकिन राधेश्याम का फोन बंद आने से किसी दुर्घटना की संभावना लगातार बनी रही। तीन दिन बाद जब राधेश्याम के बड़े भाई राजा भैया ने बताया कि उसकी बात हो गयी है, वह जल्द आ जायेंगे, तब तक एफआईआर न करायें। रामकुमार ने आरोप लगाया कि राधेश्याम ड्राईवर था और उसके बड़े भाई राजा भैया ने अपने साले ग्राम मड़वारी निवासी चन्द्रपाल पुत्र शेर सिंह यादव के माध्यम से सारा सामान लेकर गायब कराया। यह भी बताया कि चन्द्रपाल का मोबाइल भी बंद जा रहा है।

### उलाहना देने गई वृद्ध मां को गालियां देकर धमकाने का आरोप

*ललितपुर। थाना बार क्षेत्रांतर्गत ग्राम मोतीखेरा निवासी राजू यादव पुत्र जगत सिंह ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि कस्बा के मेला ग्राउण्ड चौराहा पर शिवानी मोबाइल नाम से दुकान है। प्रतिदिन की भांति वह सुबह 9.30 बजे अपनी दुकान पर पहुंच जाता हूं। 23 नवम्बर को भी अपनी दुकान पर था। सुबह 11 बजे उसकी पत्नी ने फोन करके बताया कि पड़ौस के भगवान सिंह पुत्र छंदीराम यादव, अवतार पुत्र छंदीराम यादव निक्की पुत्र भगवान सिंह बिना कारण उसकी मां मेंढा, पत्नी रजनी व भाभी शिवकुंवर पत्नी राजेन्द्र के साथ उलाहना देने पर गालियां दीं। माता ने जब मना किया तो थाने में दर्ज करायी गयी शिकायत को लेकर धमकाने लगे और मारने का प्रयास किया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।*

### नाबालिग पुत्री को बहला-फुसला कर भगा ले जाने का आरोप

*ललितपुर। थाना बार के एक गांव में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि बीते सोमवार को सुबह करीब 11 बजे उसकी 16 वर्षीय पुत्री को ग्राम रजवारा निवासी महेन्द्र पुत्र राकेश कुशवाहा बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। काफी खोजबीन करने के बाद भी वह नहीं मिले। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर महेन्द्र कुशवाहा के खिलाफ बीएनएस की धारा 137 (2) व 87 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।*

---

### दो महकमों की संयुक्त कार्रवाई

# पिंजरों में कैद तोतों का किया रेस्क्यू



**ललितपुर।** झांसी के बबीना में भारतीय जैव-विविधता संरक्षण सोसायटी (आईबीसीएस) और वन विभाग की संयुक्त टीम ने एक महत्वपूर्ण रेस्क्यू अभियान चलाकर उन तोतों को मुक्त कराया, जिन्हें स्थानीय लोगों द्वारा पालतू रूप में पिंजरों में रखा गया था। सूचना प्राप्त होते ही टीम तत्काल पहुँची और सभी पक्षियों को सुरक्षित निकालकर वन विभाग की कस्टडी में ले लिया। रेस्क्यू किए गए पक्षियों में रोज़-रिंग्ड पैराकीट ० प्लम हेडेड पाराकीट प्रजातियाँ शामिल थीं। लोग इन्हें सुंदर रंग, चहक और आवाज़ की नकल करने की क्षमता के कारण पालतू बनाते हैं जो की पूरी तरह अवैध है। वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत कानूनी प्रावधान भारत में सभी देशी तोते सूचीबद्ध हैं। किसी भी देशी पैराकीट को पकडना, रखना, पालतू बनाना, खरीदना-बेचना या परिवहन करना कानूनन अपराध है। वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के अनुसार दोषी पाए जाने पर 3 साल तक की कैद, या 25 हजार रुपये तक का जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। बार-बार अपराध करने पर सज़ा और भी कठोर हो सकती है। रेस्क्यू किए गए तोतों का स्वास्थ्य अवलोकन टीम के विशेषज्ञों ने कर के उनको प्राकृतिक आवास में छोड़ दिया ०कुछ को निगरानी में रखा गया है। आईबीसीएस और वन विभाग ने जनता से अपील की है कि किसी भी वन्य जीव को पिंजरे में न रखें, यदि कहीं भी इस प्रकार की अवैध कैद या पालतू रखना दिखाई दे तो तुरंत वन विभाग को सूचित करें। वन्यजीवों की स्वतंत्रता और उनके प्राकृतिक व्यवहार का सम्मान करें। बबीना में किया गया यह संयुक्त रेस्क्यू अभियान वन्यजीव संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण संदेश देता है और स्थानीय स्तर पर व्यापक सराहना प्राप्त कर रहा है। इस अभियान में आईबीसीएस से डा.सोनिका कुशवाहा, धर्मेंद्र सिंह (जिला समन्वयक, आईबीसीएस-झाँसी ), हरेंद्र ० वन विभाग से कौशलेंद्र सिंह तोमर फॉरेस्टर, आकाश फॉरेस्ट गार्ड, रामदयाल फॉरेस्ट गार्ड, शेरसिंह न्यूनतम वेतन कर्मी उपस्थित रहे।

---

# डोंगराखुर्द फीडर में सप्ताहभर से बिजली गायब, बर्बाद होने की कगार पर फसल

## डीएम ने दिए विद्युत आपूर्ति सुचारू करने के लिए निर्देश

**ललितपुर।** विकासखंड महरौनी के अंतर्गत ग्राम पंचायत डोगरा खुर्द से जुड़े सौजना विद्युत फीडर में पिछले एक सप्ताह से लगातार बिजली आपूर्ति बंद है, जिससे क्षेत्र के किसानों की रबी फसलें सूखने के कगार पर पहुंच गई हैं। खेतों में सिंचाई न होने से गेहूं, चना, मसूर और सरसों की फसलें भारी नुकसान झेल रही हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि बिजली कटौती के पीछे लाइनमैन की मनमानी जिम्मेदार है। ग्रामीणों के अनुसार एक व्यक्ति जो स्वयं को लाइनमैन बताता है, बिजली आपूर्ति को जानबूझकर नियंत्रित करता है और अपने चहेते लोगों को ही प्राथमिकता देता है। आरोप है कि वह पूरे दिन में सिर्फ 10 से 30 मिनट के लिए ही बिजली बहाल करता है, जबकि कई बार बिजली बिल्कुल भी नहीं मिलती। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि उक्त कथित लाइनमैन किसानों से अवैध वसूली करता है और पैसे लेने पर ही लाइन बहाल करने की बात कहता है।



स्थानीय किसानों में कडोरे, सामन सूरज, उजबक सिंह, दीवान हिमांशू राजा तथा ग्राम डोगरा खुर्द के सैकड़ों ग्रामीणों ने बताया कि बार-बार शिकायतों के बाद भी विभाग ने कोई संज्ञान नहीं लिया। ग्रामीणों का कहना है कि सौजना फीडर पर रोस्टर के अनुसार सप्लाई देने की जगह मनमानी बिजली कटौती की जा रही है, जिससे सिंचाई पूरी तरह ठप है। बिजली न मिलने की वजह से क्षेत्र में फसल बर्बादी का खतरा बढ़ता जा रहा है।

---

# गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस एवं अंतर्राष्ट्रीय हिंसा उन्मूलन दिवस पर संगोष्ठी का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद नैक द्वारा मूल्यांकित संस्थान पहलवान गुरुदीन स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय पनारी ललितपुर में गुरु तेग बहादुर को उनके 350वें शहीदी दिवस एवं अंतर्राष्ट्रीय हिंसा उन्मूलन दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की डायरेक्टर डॉक्टर पूजा यादव, प्राचार्य डॉ सूफिया, एनसीसी कैप्टन डॉक्टर वंदना याज्ञिक एवं महाविद्यालय में उपस्थित समस्त शिक्षिकाओं के द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती जी एवं गुरु तेग बहादुर जी के स्मृति के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर एवं फूल माल्यार्पण कर किया गया। महाविद्यालय की डायरेक्टर डॉक्टर पूजा यादव ने छात्राओं को बताया कि गुरु तेग बहादुर जी का बलिदान दिवस सिख समुदाय ही नहीं बल्कि पूरे भारत में बड़े ही




श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया जाता है। यह दिन गुरु तेग बहादुर जी के बलिदान और शिक्षाओं को याद करने का है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर सूफिया ने छात्राओं को बताया कि यह महिलाओं के खिलाफ हिंसा के उन्मूलन के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन लैंगिक आधारित हिंसा के विरुद्ध 16 दिवसीय सक्रियता अभियान की शुरुआत भी करता है। इस अभियान का उद्देश्य दुनिया भर में महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ हिंसा को समाप्त करने के लिए व्यक्तियों और संगठनों को एकजुट करना है। 1981 से ही महिला अधिकार कार्यकर्ता इस दिन को लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ एक दिन के रूप में मना रहे थे, और 1999 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने इसे आधिकारिक तौर पर नामित किया।महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ हिंसा को समाप्त करने के लिए जागरूकता बढ़ाना और कार्रवाई को प्रोत्साहित करना। एनसीसी कैप्टन डॉक्टर वंदना याज्ञिक ने छात्राओं को बताया कि यह दिवस समानता, विकास और शांति प्राप्त करने में एक बाधा के रूप में देखी जाने वाली हिंसा को समाप्त करने के लिए वैश्विक प्रयासों का प्रतीक है।इस कार्यक्रम में एनसीसी, एनएसएस, रोवर्स रेंजर्स, उन्नत भारत के वोलेंटियर्स एवं महाविद्यालय में अध्यनरत समस्त छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

---

### अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चार खिलाड़ियों ने पदक जीते, ललितपुर जनपद का नाम किया रोशन




*ललितपुर। गोवा में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय करांटे टूर्नामेंट 2025 में ललितपुर जिले का खिलाडियों ने मान बढ़ाया है। ललितपुर जिले के चार खिलाडियों ने पदक जीतकर ललितपुर का नाम अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर ऊंचा किया है। खिलाडियों में मयंक चन्देल ने स्वर्ण पदक, प्रजोत साहू ने स्वर्ण पदक, अनुज साहू ने सिल्वर पदक व मिशिता कुशवाहा ने शानदार प्रदर्शन कर कांस्य पदक को जीता। नितिन सिंह चंदेल (ललितपुर उ.प्र.)गोरखा कराटे एसोसिएशन ऑफ मिक्स मार्शल आर्ट एकेडमी के खिलाड़ीयों ने 4 पदक जीते है। जिले का नाम रोशन करने पर चारों खिलाडियों के प्रति हर्ष जताया गया है।*

### नगर पालिका अध्यक्ष ने किया श्रीराम बारात का स्वागत



*ललितपुर। नगर में निकली श्रीराम बारात का नपाध्यक्ष सोनाली जैन के नेतृत्व में घंटाघर पर पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। वहीं बारात में चल रहे सभी श्रद्धालुओं को फल वितरण व जलपान कराया गया। इस दौरान नपाध्यक्ष सोनाली जैन ने कहा कि आज का दिन बहुत शुभ है। आज भगवान श्रीराम व माता सीता विवाह पंचमी का दिन है। नगर पालिका द्वारा श्रीराम बारात में शामिल समस्त श्रद्धालुओं का स्वागत करते हुए फल वितरण व जलपान की व्यवस्था की गई है व सभी का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया है। रथ पर सवार श्रीराम व लक्ष्मण के स्वरूप को फूल माला पहनाकर आशीर्वाद लिया गया। इस दौरान मुन्नालाल जैन, विवेक जैन, कर अधीक्षक राजेश कुमार जैन, लिपिक अभिषेक चौबे, लिपिक दीपेंद्र कुमार, लिपिक सुधीर रावत, अमित रैकवार, हितेंद्र रैकवार, सहित पालिका के अन्य कर्मचारी व अधिकारी मौजूद रहे।*

### बुंदेलखंड एकीकरण समिति ने सर्दियों में सहारिया आदिवासियों को बांटे गर्म कपड़े



**मड़ावरा।** तहसील के आखरी क्षेत्रों में ठंड से राहत देने के लिये सहारिया आदिवासियों के बीच गर्म कपड़े वितरण कर मदद की गई। जरूरतमन्दों की मदद ही सर्वोपरी समाज सेवा है। समय समय पर जरूरमन्दों की खाद्य सामग्री गर्म कपड़े सर्दीयो में कम्बल गर्म कपड़े दवाइयों टॉनिक आदि वितरण कर जरूरमन्दों की मदद की जाती है। इसी को लेकर सोमवार को तहसील मड़ावरा के सहरिया आदिवासियों के बीच जाकर लोगों बच्चों को कपड़े वितरण किये गये। मड़ावरा की तहसील के सहारिया आदिवासी क्षेत्र गाँव गिरार बढ़वार जेतुपुरा दनशा तपरियन आदि गाँव मे बुंदेलखंड एकीकरण समिति द्वारा गरीब असहाय आदिवासियों को कपड़े वितरित किए गये।ब्लाक इकाई टीम के अध्यक्ष सीताराम परिहार धवा एवं प्रभारी राकेश कुमार तिवारी की मौजूदगी में वितरण कार्यक्रम चलाया गया। वितरण के दौरान बताया गया कि एकीकरण समिति हमेशा जरूरमन्दों की मदद को ततपर है।

---

# बिल्ला में नेटवर्क नहीं आने से ग्रामीण परेशान, ब्लॉक बार में से जिओ नदारद

## आपातकालीन सेवा, एंबुलेंस, पुलिस से नहीं हो पाता संपर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ बार

ग्रामीण क्षेत्रों में जियो के नेटवर्क खराब होने से सरकारी कार्यों में जहां व्यवधान आ रहा है, वहीं उपभोक्ता भी परेशान हैं। कारण साफ है कि वर्तमान में सरकार ने किसी सुविधा एवं प्रमाणपत्र के लिए ऑनलाइन आवेदन अनिवार्य कर दिया है। चाहे वह जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र हो या आय व जाति प्रमाणपत्र। यहां तक कि राशन कार्ड, खतौनी व विरासत आदि के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होता है। इसके लिए ग्रामीण इलाकों में पंचायत भवन में सामुदायिक सुविधा केंद्र खोले गए हैं। लेकिन, नेटवर्क न आने के कारण ग्रामीणों को ऑनलाइन आवेदन करने में काफी असुविधा हो रही है। तहसील महरौनी अंतर्गत ग्राम पंचायत बिल्ला में जियो के नेटवर्क न आने के कारण लोग परेशानी का सामना कर रहे हैं।

इससे उन विद्यार्थियों को भी नेटवर्क न आने से परेशानी हो रही है, जिनकी ऑनलाइन कक्षाएं चलती है। उपभोक्ता सैकड़ों रुपये का रिचार्ज करने के बाद भी नेटवर्क न मिलने से अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं।जियो कंपनी का टावर स्थापित होने के बावजूद, उसकी रेंज हाल के दिनों में काफी कमजोर हो गई है। इसके कारण मोबाइल इंटरनेट और कॉलिंग में लगातार समस्याएँ आ रही हैं। ग्रामीणों को फोन पर बातचीत करने में कठिनाई हो रही है। युवा वर्ग को रोजगार संबंधी जानकारी प्राप्त करने में भी दिक्कतें आ रही हैं। जनसेवा केंद्रों पर पैसे का लेनदेन करने वाले और ऑनलाइन ट्रांजैक्शन का उपयोग करने वाले लोग भी प्रभावित हो रहे हैं। आपात स्थिति में फोन न लगने से लोगों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

### इनका कहना

इस संबंध में ऑनलाइन कस्टमर केयर पर शिकायतें दर्ज कराई हैं, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हुआ है आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र का ऑनलाइन आवेदन नहीं कर पा रहे हैं
**दिवस कुमार रावत,** स्थानीय निवासी

हम लोग बड़ी मुश्किल से मोबाइल का रिचार्ज करवा पाते हैं लेकिन नेटवर्क नहीं आने से पैसा बेकार चला जाता है गांव के युवा वर्ग को रोजगार संबंधी जानकारी नहीं मिल पा रही है
**पुष्पेंद्र सिंह राजपूत,** स्थानीय निवासी

ग्रामीणों को फोन पर बात करने में कठिनाइयां हो रही है ऑनलाइन लेनदेन में भी दिक्कत आ रही है
**जमुना प्रसाद विश्वकर्मा,** स्थानीय निवासी

यह समस्या लगभग चार महीने से चल रही है आपातकालीन स्थिति में अगर हम लोगों को एंबुलेंस या पुलिस को फोन लगाना पड़ता है तो नहीं लगा पाते हैं
**शिशुपाल सिंह राजपूत,** स्थानीय निवासी

---

### जिलाधिकारी ने आवास पर बुलाकर तीनों बीएलओ को किया सम्मानित

# विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण -2026 के अंतर्गत तीन और बीएलओ ने हासिल कर ली शत-प्रतिशत उपलब्धि

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सत्य प्रकाश के कुशल नेतृत्व में *विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद के 3 और बीएलओ ने समयावधि से पूर्व ईएफ डिजिटाईजेशन का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण कर लिया है, इस प्रकार अब तक कुल 5 बीएलओ ने यह कीर्तिमान स्थापिक किया है।

बताया गया कि 226 विधानसभा ललितपुर के भाग संख्या 333 प्रा. वि. गैदोरा के बीएलओ राघवेंद्र नरवरिया, भाग संख्या 362 अंग्रेजी माध्यम प्रा. वि. बैरवारा के बीएलओ जितेंद्र कुमार और 227 महरौनी विधानसभा क्षेत्र के भाग संख्या-193 उच्च प्राथमिक विद्यालय गदनपुर के बीएलओ हरिश्चंद्र ने आज ईएफ डिजीटाईजेशन का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण कर लिया है, इन



तीनों बीएलओ को जिलाधिकारी ने अपने आवास पर बुलाकर प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान किया और अन्य कार्मिकों को प्रोत्साहित करने को कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि एसआईआर के अंतर्गत बीएलओ अच्छा कार्य कर रहे हैं। आज शाम तक जनपद में 30.64 प्रतिशत प्रगति कर ली है।

कर्मचारी अवकाश के दिन भी कार्य कर रहे हैं और देर रात्रि में भी कार्य में लगे रहते हैं। जिलाधिकारी ने आमजन से अपील की कि एसआईआर के प्रथम चरण की अंतिम तिथि 4 दिसम्बर है, बीएलओ के द्वारा सभी के घरों में गणना फार्म पहुंचाये जा रहे हैं, सभी लोग जल्द से जल्द अपना अपना फार्म भरकर बीएलओ के पास जमा करा दें, यदि फार्म भरने में कोई कठिनाई आ रही है तो इसके लिए पंचायत स्तर के कर्मचारी जैसे पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, लेखपाल, बीएलओ आदि की सहायता ले सकते हैं, ये कर्मचारी आपका फार्म स्वयं भरकर आपसे वैरिफाई कराने के उपरान्त हस्ताक्षर करायेंगें और जमा कर लेंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की भ्रांति पर विश्वास न करें, किसी भी वैद्य मतदाता का नाम नहीं कटेगा। जिलाधिकारी ने एसआईआर के सम्बंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि बीएलओ द्वारा उपलब्ध कराया गया गणना फार्म ऑफलाइन के साथ-साथ भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर ऑनलाइन भी भरा जा सकता है। निर्वाचक पर विगत विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण निर्वाचक नामावली मे अपना और संबंधित रिश्तेदारों का नाम देख सकते हैं और गणना प्रपत्र से विवरण उपलब्ध करा सकते हैं।

सहायता के लिए, निर्वाचक संबंधित बूथ लेवल अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी उन निर्वाचकों को नोटिस जारी करेगा जिनका गणना-प्रपत्र में दिया गया विगत विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण निर्वाचक नामावली का विवरण या तो उपलब्ध नहीं है या डेटाबेस से मेल नहीं खाता है।

## वेयरहाउस कर्मचारियों से बताया - सालों ने नहीं मिला वेयरहाउस जाने का कन्वेंस

# कर्मचारियों के फर्जी हस्ताक्षर से निकाली गई पेट्रोल व्यय की राशि

### विडम्बना: प्रबंधक द्वारा सालों से हर महीने निकाले जा रहा सरकारी पैसा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

एमपीडब्ल्यूएल कार्पोरेशन के ब्यावरा सर्किल में आने वाले 70 से अधिक वेयरहाउस में रखी फसलों की देखरेख व निरीक्षण के लिए विभाग द्वारा ब्यावरा वेयरहाउस प्रबंधक को कर्मचारियों के कन्वेंस के लिए पेट्रोल का पैसा दिया जाता है जिससे फसलों की देखरेख करने दूसरे वेयरहाउस तक पहुंचा जा सकें। परंतु जिम्मेदारों अधिकारियों ने मिलीभगत के चलते सालों से इस राशि की भी बंदरबांट हो रही है। इस बारे में जब 6-7 कर्मचारियों से बात की गई तो अधिकतर कर्मचारियों ने राशि न मिलने की बात कही। तो फिर वेयरहाउस प्रबंधक किनको यह राशि वितरित करते रहे यह जांच का विषय है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में हरिभूमि ने अवैध रूप से आउटसोर्स में कर्मचारियों को सालों से वेतन मिलने का मामला भी प्रमुखता से उठाया था। जिसमें कुछ लोगों ने अपने ही परिवार के लोगों के नाम लिखकर उन्हें बिना काम किए वेतन दे रहे थे जो कलेक्टर डॉ मिश्रा की जांच में भी प्रमाणित हो चुका है। अब जिम्मेदारों से कब सरकारी पैसे की रिकवरी की जाएगी ?

#### वाहन व्यय दिए जाने वाले कर्मचारियों के हस्ताक्षर का होना चाहिए सत्यापन

70 से अधिक वेयरहाउस में फसलों की देखरेख करने के लिए सरकारी जो पैसा प्रबंधक को भेज रही है उसे हर साल निकाला जाता रहा है और ब्हाउचर बनाकर कर्मचारियों को देना बताया गया है परंतु सच्चाई बिल्कुल ही उलट है। कई कर्मचारियों ने मुखर होकर वाहन व्यय के नाम पर मिलने वाला पेट्रोल का पैसा मिलने से साफ इनकार किया और उन्होंने बताया कि उनसे हस्ताक्षर भी कभी नहीं लिए गए तो फिर किसके द्वारा हस्ताक्षर कर यह पैसा ठिकने लगाया जाता रहा है। यदि कर्मचारियों के हस्ताक्षर का सत्यापन किया जाए तो मामले की सच्चाई सामने आ सकती है और सरकार के लाखों रुपए के घोटाले का पर्दाफाश हो सकता है।

#### 25-30 हजार हर महीने आता है ऐट्रोल खर्चा

हर महीने कर्मचारियों की संख्या व काम के हिसाब से पेट्रोल का खर्चा आता रहा है। सूत्रों की माने तो ब्यावरा वेयरहाउस में हर महीने 25 हजार से 30 हजार के बीच पेट्रोल व्यय कार्यालय को प्राप्त होता है जिसे संबंधित वेयरहाउस प्रबंधक ही निकाल सकता है।

**इनका कहना है...**

*संबंधित कर्मचारियों को कन्वेंस दिया जाता है फिर भी आपने बताया है तो एक बार पुनः चेक करवा लेती हूं।*

*दीप्ती सिंह, प्रबंधक ब्यावरा वेयरहाउस*

---

## कार्य पूर्ण करने में 9 दिन शेष, जिले में 72 फीसदी कार्य निपटा

# एसआईआर: खेतों, बीहड़ों में वोटर्स को ढूंढकर फार्म भर रहे बीएलओ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले में मतदाता सूचियों के गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य गत 4 नवंबर से आरंभ हुआ था। निवार्चन से जुड़े अति-महत्वपूर्ण इस कार्य के शुरूआती दिनों में जिले की प्रगति भलेही काफी कमतर थी लेकिन अब अधिकारियों की सतत मॉनिटरिंग, बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) सहित कार्य से जुड़े समस्त लोकसेवकों के प्रयासों से एसआईआर कार्य 72 फीसदी के लगभग पूर्ण हो चुका है।

जिले की पांचों विधानसभाओं के प्रत्येक मतदान केंद्र हेतु नियुक्त बीएलओ लोगों के घरो, खेतों, बीहड़ों इत्यादि स्थानों पर पहुंचकर इस काम को तन्मयता से करने में लगे हुए हैं। उक्त कार्यपूर्णता की अंतिम तिथि 4 दिसंबर निर्धारित है। अगर इसी गति से समस्त अमला जुटा रहा तो राजगढ़ जिला प्रदेश के चुनिंदा जिलों की फेहरिश्त में खड़ा हो सकता है। फिलहाल हम प्रदेश के अंडर 15 जिलों में चल रहे हैं।

#### महिलाओं के फार्म भरने में आ रही ज्यादा दिक्कतें

शहरी समेत ग्रामीण क्षेत्रों में सबसे ज्यादा दिक्कतें या विलंब उन महिलाओं के फार्म भरने में हो रहा है जिनका विवाह 2003 के पूर्व हुआ है। इन महिलाओं को अपने मायके से पिता या माता की डिटेल मंगवाकर फार्म्स फिलअप करवाए जा रहे हैं। इसके उपरान्त ही बीएलओ निर्धारित एप पर उन फार्म्स का डिजिटाईजेशन कर रहे हैं।

#### देर रात तक कर रहे काम

एसआईआर से संबंधित इस काम में न केवल बीएलओ बल्कि निकायों एवं आंगनवाड़ियों का अमला, ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक सहित अन्य कर्मचारी भी जुटे हुए हैं। अधिकारियों द्वारा भी प्रतिदिन सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक एसआईआर प्रगति की मॉनिटरिंग एवं समीक्षा की जा रही है।

---

# ओल्ड एबी रोड पर अवैध अतिक्रमण के खिलाफ नपा ने की कार्रवाई




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

पुराने एबी रोड पर अतिक्रमण का मुद्दा लंबे समय से शहरवासियों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। सड़क के किनारे अस्थाई कपड़ों सहित अन्य दुकानों के लग जाने से आए दिन जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई अस्थाई दुकानदारों ने हजारों रुपए देकर सड़क पर अपनी दुकानें जमा ली हैं। सबसे गंभीर बात यह है कि ये अस्थाई दुकानदार जिस जमीन पर बैठे हैं, वह सरकारी है और उसका किराया नगर पालिका को मिलना चाहिए। लेकिन इसकी जगह कुछ स्थाई दुकानदार ही अनाधिकृत रूप से यह किराया वसूल रहे हैं। इस अव्यवस्था को ध्यान में रखते हुए सोमवार को नगर पालिका सीएमओ ज्योति सुनेरे ने नपा कर्मियों के साथ अतिक्रमण हटाने की मुहिम चलाई। टीम ने हाईवे के समीप किए गए अतिक्रमणों की पहचान की और संबंधित दुकानदारों को तुरंत हटने के निर्देश दिए। कार्रवाई के दौरान एसडीओपी अरविंद्र सिंह सहित पुलिस बल तथा नगर पालिका का पूरा अमला मौजूद रहा। नगर पालिका प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक जगहों पर अवैध कब्जा किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आगे भी ऐसे अभियान नियमित रूप से चलाए जाएंगे।

---

## कर्मचारियों व आमजनों हेतु हेलमेट की अनिवार्यता संबंधी आदेश भी जारी

# हेलमेट जरूर पहनें क्योंकि घर पर कोई आपका इंतेजार कर रहा है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



जिले में बढ़ते सड़क हादसों को नियंत्रित करने पुलिस एवं प्रशासन द्वारा तमाम तरह के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस विभाग ने जहां अपने समस्त अमले के लिए पूर्व से ही हेलमेट पहनकर ही बाईक चलाना अनिवार्य कर दिया है। वहीं अब प्रशासन ने भी दो पहिया वाहन चलाने वाले एवं पीछे बैठे व्यक्तियों के लिए हेलमेट की अनिवार्यता संबंधी आदेश जारी किया है।

जारी आदेश के तहत समस्त शासकीय सेवकों को निर्देशित किया गया है कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग किया जाना सुनिश्चित करें। बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चलाते पाये जाने पर पुलिस द्वारा चालानी कार्यवाही की जाएगी। उक्त आदेश का कढ़ाई से पालन करना सुनिश्चित करने के निर्देश कर्मचारियों को दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि कलेक्टोरेट परिसर स्थित विभिन्न विभागों के कई कर्मचारी रोजाना बाईक से दफ्तर पहुंचते हैं परन्तु उनके द्वारा हेलमेट नहीं पहना जाता है। ऐसे ही कर्मचारियों व उनके परिवार के हित में यह आदेश जारी किया गया है।

#### जो बगैर हेलमेट नजर आ रहे उनकी लग रही क्लास

बगैर हेलमेट के बाईक चलाने वाले पुलिस विभाग के कर्मचारियों पर उच्चाधिकारियों के निर्देशों पर विशेष नजर रखी जा रही है। कुछ कर्मचारियों को ऐसे स्थानों पर तैनात किया गया है जहां से वे बगैर हेलमेट बाईक चला रहे पुलिसकर्मियों पर सतत नजर बनाकर रख रहे हैं। पुलिस अधीक्षक डॉ. अमित तोलानी द्वारा ऐसे कर्मचारियों की क्लास भी ली जा रही है।

---

# 181 से पहले किसान कृषि मंडी की हेल्प डेस्क की लें मदद




**खुजनेर।** कृषि उपज मंडी समिति खुजनेर में विक्रय करने वाले पंजीकृत भावान्तर भुगतान योजना 2025 किसान भाईयों से नम्र निवेदन है कि भावान्तर भुगतान योजना के अन्तर्गत किसी भी प्रकार की समस्याएं खाता संशोधन भावान्तर भुगतान योजना की राशि एवं अन्य संशोधन हेतु या समाधान हेतु सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत करने से पूर्व आप कृषि उपज मण्डी समिति खुजनेर में स्थापित हेल्प डेस्क पर उपस्थित होकर समाधान करा सकते हैं। इस तरह की सूचना प्रकाशित कर सचिव ने किसानों की मदद के लिए एक कदम उठाया है जिससे किसानों को भविष्य में कितना लाभ होगा यह देखने केलिए इंतजार करना होगा।

---

# नि:शुल्क नेत्र शिविर का हुआ आयोजन

## 110 लोगों की हुई जांच, 39 चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



श्री श्याम परिवार एवं चिरायु मेडिकल कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को बालाजी मैरिज गार्डन में नेत्र शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। शिविर में सुबह से ही लोगों की भीड़ उमड़ती रही।

विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा कुल 110 लोगों की आंखों की जांच की गई, जिनमें से 39 मरीजों का ऑपरेशन एवं लैंस प्रत्यारोपण हेतु चयन किया गया। चयनित सभी मरीजों को आगे चिरायु मेडिकल कॉलेज में निःशुल्क उपचार एवं ऑपरेशन की सुविधा प्रदान की जाएगी। नेत्र शिविर का शुभारंभ श्री श्याम परिवार के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष तथा प्रतिनिधि नगर पालिका सारंगपुर निलेश वर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। उन्होंने शिविर के माध्यम से समाजसेवा के कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने पर जोर दिया और बताया कि ऐसे आयोजन से आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को बड़ी राहत मिलती है। इस दौरान प्रकाश सोनी, महेश पाटीदार, जुगराज विश्वकर्मा, मनीष चैरसिया, कमल चौरसिया, सुरेश जाटव, धर्मेंद्र मालवीय, जितेंद्र मालवीय, हरीश पुष्पद, जितेंद्र पुष्पद, अंशुल पुष्पद, विजय अटनेरिया, संजू कुशवाहा, गुंजन सोनी, गोवर्धन दांगी, मनीष सोनी सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। आयोजकों ने बताया कि आगे भी समाजहित में इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर नियमित रूप से लगाए जाएंगे, ताकि जरूरतमंदों को समय पर उपचार मिल सके।

---

# भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष पहुंचे ब्यावरा, हुआ स्वागत



**ब्यावरा।** भाजपा मध्यप्रदेश के नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष व युवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. निशांत खरे संगठन कार्य के लिए ग्वालियर संभाग के प्रवास के दौरान ब्यावरा मंडल में उनका कुछ समय के लिए प्रवास हुआ। भाजपा मंडल अध्यक्ष राजू यादव ने भोपाल बाईपास पर पहनाकर अभिनंदन किया। इस दौरान निशांत खरे का आगमन जिओ रिलायंस पेट्रोल पंप हुआ उनका स्वागत पुष्प वर्षा कर किया गया। भाजपा नेता गोपाल बादशाह, मंडल अध्यक्ष राजू यादव एवं साथियों ने माला पहनकर स्वागत किया। इस दौरान भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष निशांत खरें ने सभी कार्यकर्ताओं से चर्चा की बारी-बारी से परिचय प्राप्त किया और अपना भी परिचय सभी कार्यकर्ता को उन्होंने दिया कोरोना कल के दौरान डॉ निशांत खरे की बहुत सरहानीय भूमिका रही, डॉक्टर निशांत खरे पूर्व युवा आयोग के अध्यक्ष भी रहे हैं वर्तमान में ग्वालियर संभाग का प्रभार संगठन ने उन्हें सोप है मध्य प्रदेश की तमाम ट्राईबल सीटओं के वो प्रभारी हैं संगठन के सिपाही होने के नाते उन्होंने सभी दायित्वों का बखूबी में निर्वाह किया है।

---

# लाडनपुर के सरपंच ने मतदाता सूचियां फाड़ी, सचिव से की अभ्रदता

## सचिव संघ ने प्रशासन और पुलिस को दिए आवेदन



**राजगढ़।** ब्लॉक की ग्राम पंचायत लाडनपुर के सरपंच द्वारा मतदाता सूचियों संबंधी कार्य कर रहे सचिव विनय सिंह पाल से गाली गलौच करते हुए मतदाता सूचियां फाड़ने का मामला सामने आया है। इसके पहले सरपंच ने सचिव पाल सहित जिले के आलाधिकारियों एवं शासन को भी गालियां दीं जिसकी कॉल रिकॉर्डिंग सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रही है। घटना के बाद सोमवार शाम पंचायत सचिव एवं सहायक सचिव संगठन ने 3 दिवस में लाडनपुर के सरपंच को तीन दिवस में पद से पृथक करने संबंधित आवेदन उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रताप सिंह चौहान को सौंपा। संगठन ने पुलिस अधीक्षक के नाम भी आवेदन देते हुए नियमानुसार कार्यवाही की मांग की है। संगठन पदाधिकारियों ने बताया की यदि सरपंच को आगामी तीन दिवस में पद से नहीं हटाया तो राजगढ़ ब्लॉक के सभी सचिव एवं रोजगार सहायक कलमबंद हड़ताल पर चले जाएंगे।

वायरल ऑडियो में सरपंच सचिव को पंचायत बदलने की धमकी देते हुए शासन और जिले के अधिकारियों को जमकर अपशब्द कह रहे हैं।

---

# एसआईआर में अच्छा काम करने वाले बीएलओ व सहयोगी को किया सम्मानित



**जीरापुर।** एसआईआर का उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को अनुविभागीय अधिकारी अंकिता जैन द्वारा फूल माला प्रशस्ति पत्र पहनाकर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि विधानसभा 163 खिलचीपुर अंतर्गत मतदाता गहन पुनरीक्षण का कार्य चल रहा है जिसमें बीएलओ, पटवारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सचिव, रोजगार सहायक द्वारा घर घर जाकर गणना पत्रक फॉर्म कलेक्ट करने का कार्य किया जा रहा है। एसआईआर में सबसे ज्यादा ईएफ डिजिटाइजेशन बीएलओ एप्प के माध्यम से नियत समयावधि दिनांक 4/12/2025 से पहले 22/11/2025 को 95 प्रतिशत सबसे अधिक कार्य किए जाने पर सम्मानित किया गया। अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अंकिता जैन ने बताया कि ऐसे उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को सम्मानित किया जाना चाहिए ताकि सभी अधिकारी कर्मचारी अपने कर्तव्य के प्रति जिम्मेदारी का निर्वहन समयावधि में करें। इस दौरान मतदान केंद्र क्रमांक 10 गोघटपुर बीएलओ मोहनलाल मतदान केंद्र 22 आदमपुरा कमलसिंह सरावत , मतदान केंद्र 41 पुरसिंह दांगी मतदान केंद्र 97 हरीगढ चन्दनदास वैरागी, मतदान केंद्र 147 देवकरण शर्मा , मतदान केंद्र 177 केशरपुरा बने सिंह वर्मा मतदान केंद्र 182 सादलपुर सुरेश कुमार दांगी ,मतदान केंद्र 223 डिगल्याखेडी भगवान सिंह एवं उनके सहयोगियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

---

## 21 नवंबर से 04 दिसंबर तक चलेगा विशेष अभियान

# पुरुष नसबंदी: परिवार नियोजन में पुरुषों की भागीदारी पर दिया जोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत पुरुषों की नसबंदी करवाने जिले में 21 नवंबर से 4 दिसंबर तक पुरुष नसबंदी पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल ने पुरुषों को परिवार नियोजन हेतु आगे आने का आह्वान किया है। जिला चिकित्सालय में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि पुरुष नसबंदी पूरी तरह से सुरक्षित है, और यह महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए बेहतर विकल्प है। डॉ. पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि परिवार की अधिकांश जिम्मेदारियां महिलाओं द्वारा निभाई जाती हैं लेकिन जब परिवार को पूर्ण करने की बात आती तब भी नसबंदी ऑपरेशन के लिए महिलाओं को आगे कर दिया जाता है। उन्होंने बताया कि महिला नसबंदी ऑपरेशन में कई बार जटिलताएं आ सकती हैं, इसके विपरीत पुरुष नसबंदी ऑपरेशन जिसे (नो स्कैल्पेल वैसेक्टॉमी भी कहा जाता है) पूरी तरह से सुरक्षित, सरल और प्रभावी है। इससे पुरुषों को कोई परेशानी नहीं होती है।

#### अधीनस्थ अमले को किया गया निर्देशित

सीएमएचओ ने समस्त मैदानी कर्मचारियों को निर्देशित किया कि लक्षित दंपत्ति के पुरुषों से अपील करें कि वे महिलाओं के सम्मान में और परिवार के बेहतर स्वास्थ्य के लिए आगे आएं और परिवार की पूर्णता में अपनी जिम्मेदारी निभाएं। इस पखवाड़े के दौरान पुरुषों को परिवार नियोजन के इस स्थायी और सुरक्षित तरीके के बारे में जागरुक करने के लिए जिले भर में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर सिविल सर्जन रजनीश शर्मा, डॉ आर के कठेरिया, आरएमओ अमित कोहली, डॉ. देवाशीष मर्सकोले सहित अस्पताल स्टॉफ मौजूद था।

---

# अभाविप की कॉलेज इकाई के अध्यक्ष विशाल दांगी व सुहानी बनीं मंत्री



**ब्यावरा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ब्यावरा द्वारा नेताजी सुभाषचन्द्र बोस महाविद्यालय में रानी लक्ष्मीबाई जयंती कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे नगर के कई विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के बाद कॉलेज इकाई की घोषणा की गई। जिसमें अध्यक्ष विशाल दांगी तथा मंत्री सुहानी प्रजापति बनीं, उपाध्यक्ष,कल्पना सेन, हरिओम सोंधिया, राज बना, सहमंत्री भावना यादव, ईश्वर सोंधिया, संयोजक देवराज सह दीपक, आयुष सह अभिषेक ,कलमंच प्रमुख अमन,शिवम, खेलो भारत गतिविधि प्रमुख अंश सह गोविंद,सोशल मीडिया रोहित, अमन तथा ऋषभ एवं आकाश कार्यकारिणी सदस्य रहे, कार्यक्रम में श्रसौरभ प्रजापति ने अपने संबोधन में कहा रानी लक्ष्मीबाई जैसी वीरांगना इस देश की बेटियों के लिए युगों युगों तक प्रेरणा स्त्रोत रहेगी।कार्यक्रम में जिला महाविद्यालय संयोजक जीत शिवहरे,जिला भविष्य त्रिवेदी,भाग संयोजक हार्दिक, नगर मंत्री राकेश सोंधिया, सहमंत्री सपना, धीर,भूपेंद्र विद्यालय संयोजक सुमित, अनिल, कान्हा,भूमिका आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।